# प्रपत्र–1
# प्रतिवेदन

**परियोजना का नाम :–** जनपद पौड़ी गढ़वाल में मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा सं0 –1196 / 2016 के अन्तर्गत यमकेश्वर विधान सभा दुगड्डा ब्लाक के पुलिण्डा –तच्छाली – स्यालिंगा मोटर मार्ग का नव निर्माण।(5.00कि0मी0)

उपरोक्त विषयक मोटर मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति राज्य योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 2935 / III (2) /06 –59 (प्रा0आ0) / 06 दि0 22.11.2006 के द्वारा 10.00 किमी0 के लिए रू0 172.50 लाख की प्राप्त हुई है। इस मार्ग का समरेखण कोटद्वार–रामणी–पुलिण्डा मोटर मार्ग के किमी0 17.00 पुलिण्डा गॉव से प्रारम्भ होकर ग्राम–तच्छाली से हाते हुए स्यालिंगा तक 5.00कि0मी0 लम्बाई में पहुचता है। प्रस्तावित संरेखण के अन्तर्गत की भूमि में कोई मंदिर, मस्जिद या धार्मिक स्थल एवं श्मशान,व कब्रिस्तान की भूमि नहीं है। भू–गर्भवेत्ता के सुझाव के अनुसार एवं तकनिकी दृष्टि से यह संरेखण उपयुक्त है। ग्रामवासी इस संरेखण सख्या 1. से ही मोटर मार्ग निर्माण हेतु सहमति की अनापत्ति देने को राजी हैं।

प्रस्तावित 5.00किमी0 स्वीकृत संरेखन ग्राम पुलिण्डा, तच्छाली, स्यालिंगा, व काटल ग्रामों को मोटर मार्ग से जोड़ेगा।

प्रस्तावित मोटर मार्ग लैन्सडौन वन प्रभाग के क्षेत्रान्तर्गत पड़ता है। जिसमें विभिन्न प्रकार की भूमि का मदवार क्षेत्रफल विवरण निम्नवत है।

| भूमि का प्रकार | लम्बाई मी0 में | चौड़ाई मी0 में | क्षेत्रफल हे0 में |
|---|---|---|---|
| सिविल राज्य भूमि | शून्य मी0 | शून्य मी0 | शून्य |
| आरक्षित वन भूमि | 1200 मी0 | 9.00 मी0 | 1.080 |
| वन पंचायत भूमि | 875 मी0 | 9.00 मी0 | 0.7875 |
| **योग वन भूमि** | **2075** | **9.00 मी0** | **1.8675** |
| नाप भूमि | 2925 मी0 | 9.00 मी0 | 2.6325 |
| **योग** | **5000 मी0** | **9.00 मी0** | **4.5000** |

यह क्षेत्र अत्यन्त दुर्गम एवं पिछडा क्षेत्र है। जहां यातायात की कोई सुविधा नही है। क्षेत्रीय जनता को अत्यधिक पैदल दूरी तय करने के पश्चात यातायात की सुविधा मिलती है। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के 4ग्रामो को यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी एवं निकटतम मण्डी कोटद्वार से दूरी कम होगी। जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य शिक्षा एवं व्यवसाय में प्रगति होगी। मार्ग निर्माण से पूर्व वन भूमि का हस्तान्तरण जनहित में आवश्यक है।

अतः क्षेत्रीय जनता की सुविधाओं को मध्यनजर रखते हुए मार्ग निर्माण में प्रयुक्त की जाने वाली सिविल वन व आरक्षित वन भूमि जिसका क्षे0 1.8675 हे0 का प्रस्ताव वन भूमि हस्तान्तण हेतु गठित किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>नि0खण्ड,लो0नि0वि0<br>दुगड्डा गढ़वाल। | सहायक अभियन्ता<br>नि0खण्ड,लो0नि0वि0<br>दुगड्डा गढ़वाल। | अधिशासी अभियन्ता<br>नि0खण्ड,लो0नि0वि0,<br>दुगड्डा गढ़वाल। |